## सार-समाचार

### पुखराज विश्नोई जिलाध्यक्ष बने

**जालोर,** (कासं)। कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पारिक ने गुरुवार को कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के तौर पर पुखराज विश्नोई को नियुक्त किया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार नवगठित कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पारीक ने जालोर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं , सांसद प्रत्याशी, विधायक , विधानसभा प्रत्याशी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रथम जिलाध्यक्ष के तौर पर पुखराज विश्नोई को नियुक्त किया है। पुखराज विश्नोई पूर्व में कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं, इसके साथ ही विश्नोई भीनमाल नगर पालिका मंडल भीनमाल व जिला आयोजन समिति (जिला परिषद) जालोर के निर्वाचित सदस्य भी रह चुके है। पुखराज विश्नोई की नियुक्ति से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। पुखराज विश्नोई ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि जिस भावना से प्रदेश नेतृत्व ने संगठन की उपरोक्त महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, उसे पुरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ नेताओं के मार्गदर्शन व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरी करने के प्रयास करुंगा।

### डॉ .हेमन्त जैन का अभिनंदन किया

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर में एक ही छत के नीचे सभी मेडिकल सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराने पर भारत विकास परिषद् शाखा जालोर की ओर से शहर के चिकित्सक व परिषद् जालोर शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. हेमंत जैन का बुधवार शाम को उनके नव निर्मित चिकित्सालय में परिषद् के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी, प्रांतीय संयोजक (सेवा)मदनलाल माली, जिला महिला समन्वयक मधु शेखावत एवं शाखा अध्यक्ष राजेंद्र भूतड़ा की मौजूदगी में अभिनंदन किया गया। परिषद् पदाधिकारीयों ने परिषद् के सम्मान प्रतीक दुपट्टा पहनाकर व शाल ओढाकर डॉ .जैन का माल्यार्पण के साथ अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह में पदमाराम चौधरी ने बताया कि भारत विकास परिषद् स्वामी विवेकानंद के नर सेवा ही नारायण सेवा है, के ध्येय को लेकर समाज में कार्य करता है और डॉक्टर हेमंत जैन ने इसी मानवीय सेवा भावना के साथ आधुनिक उच्च गुणवत्ता युक्त जांच मशीनरी से सुसज्जित नवीन चिकित्सालय का निर्माण कर सभी मेडिकल संबंधित सेवाओं को एक ही छत के नीचे लाकर जालोर क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा के लिए अनूठी सौगात प्रदान की है। फल स्वरुप परिषद् की ओर से डॉ.जैन का बहुमान कर उनके इस पुनीत सेवा कार्य की सराहना की जाती है। इस दरम्यान डॉ. हेमंत जैन ने परिषद् का आभार जताते हुए कहा कि उनके अस्पताल में असहाय, निराश्रित व बेसहारा मरीजो, गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तिओं तथा गर्भवती महिलाओं के लिये पूर्ण संवेदनशीलता व मानवीय मूल्यों के साथ प्राथमिकता से त्वरित इलाज की विशेष सुविधा हर समय 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर शाखा के सचिव शांतिलाल सोनी, कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी, शाखा महिला संयोजक मंजू चौधरी, श्यामा भूतड़ा, बालकृष्ण शर्मा, महेंद्र आनंद वैष्णव, प्रेम कुमार परमार, भंवरलाल सुथार, भूपेंद्र सोनी कमल किशोर भूतडा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीवरेज होदियां ओवरफ्लो, लोग परेशान

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर के भालेलाव रोड स्थित सोमनाथ नगर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सीवरेज प्रणाली बाधित होने के कारण लगभग सात से अधिक सीवरेज होदियां ओवरफ्लो हो रही हैं। इससे वार्ड नंबर 54 के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि होदियों के ओवरफ्लो होने से सड़कों पर कीचड़ फैल जाता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी खतरा बढ़ जाता है। वार्डवासियों ने बताया कि पूर्व में भी इस समस्या को लेकर नगर निगम में कई बार शिकायतें दर्ज करवाई गईं, लेकिन अभी तक किसी तरह का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। क्षेत्रवासियों ने यह भी बताया कि गंभीर स्थिति को देखते हुए वे पूर्व में कई बार ज्ञापन भी सौंप चुके हैं, इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में तुरंत सीवरेज लाइन की सफाई एवं सुधार कार्य करवाकर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### निगम ने एम्स रोड से अतिक्रमण हटाए

**जोधपुर,** (कासं)।जोधपुर में नगर निगम ने एम्स रोड से अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई के दौरान निगम टीम ने रास्ते में अतिक्रमण को ध्वस्त किया। वहीं कुछ ठेले, ढाबों के सामान जब्त किए। एम्स के गेट नंबर-3 के सामने सड़क पर भी अतिक्रमण हटाया गया। इस रोड पर एक तरफ ठेले-ढाबे वाले तो दूसरी तरफ मेडिकल के दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा था। हालांकि रोड पर थड़ी-ठेले वाले कार्रवाई की सूचना मिलने से नजर नहीं आए। नगर निगम की टीम ने गुरुवार को यह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। निगम उपायुक्त ताराचंद वेंकट के नेतृत्व में निगम टीम ने दाऊजी की होटल से लेकर एम्स रोड 6 नंबर गेट तक कार्रवाई की। मेडिकल के दुकानदारों ने कहा कि एम्स रोड पर नाले पर अतिक्रमण हटाने से पहले सूचना और नोटिस दिया गया था, उन्हें जानकारी नहीं दी गई। नहीं तो वे स्वयं अपना सामान हटा लेते और उनको नुकसान नहीं उठाना पड़ता।

### धर्मेन्द्र राठौड़ राष्ट्रीय महासचिव बने

**जोधपुर,** (कासं)।अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा रजि. दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबुलाल आर्य ने जोधपुर के धर्मेन्द्र राठौड़ को अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा के महासचिव पद पर मनोनीत किया। आर्य ने राठौड को महाराष्ट्र व दिल्ली प्रदेश के प्रभारी का कार्यभार भी सौंपा।

### आईदानसिंह भाटी फिर से प्रदेश मंत्री

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गुरुवार को राजस्थान की नई प्रदेश कार्यकारिणी में युवा नेता आईदान सिंह भाटी को फिर से प्रदेश मंत्री बनाया है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि भाटी का चुना जाना पश्चिमी राजस्थान में पार्टी को और मजबूत करेगा।

# आयुक्त दिलीप माथुर ने सीवरेज कार्यों का निरीक्षण किया

**जालोर,** (कासं । जालोर शहर में लंबे समय से परेशान कर रही सीवरेज समस्या को लेकर गुरुवार को नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सिवरेज कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया। आयुक्त ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर शहर के हैड पोस्ट ऑफिस रोड, कस्तुरबा कोलॉनी , बडी पोल , लाल पोल के बाहर सहित विभिन्न मौहल्लो में सीवरेज जाम और गंदगी से परेशान लोगों ने हाल ही में नगर परिषद को ज्ञापन सौंपकर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की थी। जिस पर नगर परिषद ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सिवरेज लाइन की खुदाई और मरम्मत का काम शुरू करवाया।

पिछले कई दिनों से चल रहे काम में तेजी आई है। पिछले कई दिनों से शहरभर में सिवरेज लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य चल रहा है।

आयुक्त के निरीक्षण के बाद कार्यो में और तेजी दिखाई दी है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि पहले गंदा पानी सडकों पर बह रहा था, अब काफी राहत मिली है।

जालोर शहर में सीवरेज जाम के कारण मुख्य सडकों पर फैल रही बदबू और गंदगी अब कम हो गई है।

हैड पोस्ट ऑफिस रोड सहित आसपास के इलाकों में पानी की निकासी सुचारु होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

नगर परिषद का दावा है कि जल्द ही पूरे शहर में स्थिति सामान्य होगी। नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर ने बताया कि जिन स्थानों पर अभी कार्य बाकी है, वहां भी जल्द समाधान किया जाएगा। जालोर शहर में सिवरेज सुधार अभियान लगातार जारी है और जल्द ही मार्गों पर स्थिति सामान्य हो जाएगी।

# ईआरओ मोहित कासनियां राज्य स्तर पर सम्मानित

**जालोर,** (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए गए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बेस्ट परफोर्मिंग ईआरओ में चयन होने पर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन द्वारा गुरूवार को वीसी के माध्यम से भीनमाल विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी मोहित कासनियां को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान द्वारा प्रेषित प्रशस्ति पत्र भीनमाल ईआरओ मोहित कासनियां को शुभकामना देते हुए प्रदान किया।

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले में अब तक 1262095 गणना प्रपत्र डिजीटाइज हुए है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 4 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 4 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में कुल 1262095 (82.86 प्रतिशत) गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा में 210398 (74.60 प्रतिशत), जालोर विधानसभा में 241448 (79.13 प्रतिशत), भीनमाल विधानसभा में 296247 (91.36 प्रतिशत), सांचौर विधानसभा में 289601 (88.72 प्रतिशत) व रानीवाड़ा विधानसभा में 224401 (78.65 प्रतिशत) गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है।

जिले में 195 बीएलओ द्वारा एसआईआर कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका हैं जिसमें सर्वाधिक भीनमाल विधानसभा के 114 बीएलओ की ओर से शत-प्रतिशत एसआईआर पूर्ण किया गया है।

## शिव सेना ने ज्ञापन दिया

**जालोर,** (कासं)। शिवसेना जालोर के जिला प्रमुख रुपराज राजपुरोहित को गत दिनो आहोर में भूमि घोटाला को लेकर दिये जा रहे धरने से थाना आहोर द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर हिरासत में रखकर धमकाने व दबाव बनाने वाले पुलिस कर्मियों को खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर गुरुवार को एसपी जालोर शैलेन्द्रसिंह इन्दोलिया को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि 22 अप्रैल को बिना किसी विधिक आधार के, आहोर थाने के एस.आई. नरपत सिंह द्वारा शिव सेना के जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित को गिरफ्तार किया गया तथा उन्हें बिना वजह कई घंटों तक हिरासत में रखा गया। ज्ञापन देने के दौरान उप जिला प्रमुख नारायणन पुरोहित , शहर प्रमुख मिश्रीमल परिहार, जसवंत राणा, जयप्रकाश माली, दलपतसिंह पुरोहित, सूरजकुमार सहित कई कार्यकर्ता व लोग मौजूद थे।

# ओरणों के भविष्य व विविधता की रूपरेखा पर मंथन, कार्यशाला संपन्न

**फलोदी,** (नि.सं.)। कृषि एवं पारिस्थितिकी विकास संस्थान (कृपाविस), अलवर द्वारा आयोजित ओरण संरक्षण कार्यशाला का गुरुवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। अंतिम दिवस में कृपाविस द्वारा फलोदी के ओरणों में वर्तमान चुनौतियों, खतरें, वन्यजीव संरक्षण और भविष्य के कार्यक्रम की रूपरेखा पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया।

सत्र की शुरूआत में मारवाड़ रत्न से सम्मानित कृपाविस के संस्थापक अमन सिंह व काजरी के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. जे. पी. सिंह ने वर्तमान परिदृश्य में ओरणों को हो रहे खतरों (जैसे अतिक्रमण और खनन) तथा समुदाय की आजीविका में उनके महत्व एवं ओरणों का संरक्षण सीधे तौर पर स्थानीय अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ विषय पर चर्चा की गई। राजकीय महाविद्यालय, फलोदी के व्याख्याता प्रमोद कुमार थानवी ने फलोदी जिले के खारा व कोलू पाबूजी ओरणों में पाई जाने वाली मरुस्थलीय वन्यजीव व पक्षियों की विविधता और उनके संरक्षण के उपायों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इनटेक जैसलमेर के संयोजक, विरेंद्र सिंह व सहयोगी बलवन्त सिंह जोधा द्वारा सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णयों के संदर्भ में ओरणों और देवबणियों के कानूनी पहलुओं पर चर्चा की गई। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य समुदाय को ओरणों के स्थिति व कानूनी संरक्षण के लिए जागरूक करना था।

अगले सत्र में अमन सिंह और डॉ. जे. पी. सिंह द्वारा फलोदी जिले में ओरण संरक्षण एवं प्रबंधन कार्यक्रम की आगामी रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस रूपरेखा में समुदायिक सहभागिता, कानूनी सहायता और जल स्त्रोतों के पुनरोत्थान को प्राथमिकता दी गई। एफ. ई. एस. की प्रतिनिधि फुली देवी ने ओरणरूपी धरोहर को संरक्षित करने पर सम्भागियों के बीच अपने विचार रखे। समापन के दौरान अमन सिंह, डॉ. जे. पी. सिंह और कृपाविस निदेशक प्रतिभा सिसोदिया द्वारा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया गया। उन्होंने ओरणों के संरक्षण के लिए सामुदायिक प्रयास जारी रखने और इस ज्ञान को जमीनी स्तर पर लागू करने का आग्रह किया । इस तीन दिवसीय कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान और अनुभवों के आधार पर, कृपाविस और स्थानीय समुदाय ओरणों के प्रभावी और टिकाऊ संरक्षण के लिए एक संयुक्त रणनीति पर काम करेंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला में लगभग 45 सम्भागियों ने सक्रिय भाग लिया, जिसमें शिवलाल पालीवाल, नारायण भारती, विकास खिलेरी, जयप्रकाश सिंह, सीता देवी, सन्तोष देवी, पूनाराम एवं देवाराम शर्मा शामिल हुए।

# न्यायाधीश अहसान अहमद ने निरीक्षण किया

**जालोर,** (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने गुरूवार को वात्सल्य चाइल्ड केयर होम व सखी सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। केयर होम में अधीक्षक खीवसिंह राजुरोहित को निर्देश दिए कि सर्दी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जावे। समय पर दवाइयां दी जावे एवं खान पान के बारे में भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दवाइयों का अवलोकन किया एवं दवाइयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रसोई घर का भी अवलोकन किया। उन्होंने बाहर से लाने वाली सब्जियों को अच्छी तरह धोकर उपयोग में लेने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने राजकीय अस्पताल में संचालित सखी सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संधारित किए जाने वाले रजिस्टरों का अवलोकन किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यहां आने वाली पीड़िताओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने सखी सेंटर के प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिए।

# बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रेवदर,** (निसं)। अनादरा पुलिस ने गुरुवार को मोटरसाईकिल चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

अनादरा पुलिस थानाधिकारी कमलेश के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया जाकर 22 नवम्बर 2025 की रात्रि में गांव उडवारिया में अज्ञात चोरों द्वारा प्रार्थी जेताराम पुत्र मोतीरामजी जाति रेबारी निवासी उडवारिया के घर के बाहर से मोटरसाईकिल को चोरी करके ले जाने की घटना के सम्बन्ध में प्रार्थी द्वारा एक लिखित रिपोर्ट पेश की जिस पर प्रकरण दर्ज किया जाकर पुलिस ने उक्त चोरी की घटना को गंम्भीरता से लेते हुए माल, मुल्जिम की सरगर्मी से तलाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर मोटरसाईकिल बरामद की गई।

जिला पुलिस अधीक्षक सिरोही द्वारा नकबजनी व चोरी की वारदातों को गंम्भीरता लेते हुए श्री कमलेश निरीक्षक पुलिस, थानाधिकारी पुलिस थाना अनादरा के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जाकर घटनास्थल से लिंक-टु-लिंक साक्ष्य एकत्रित करवाने शुरू किये गये। जिसमें पुलिस द्वारा घटना स्थल पर आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये व घटनास्थल के आस पडौस में लोगों से पुछताछ की गई तथा तकनीकि अनुसंधान किया गया। पुलिस को खास मुखबिरान से चोरी करने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान दादीया पुत्र बाबु जाति गमेती भील निवासी भुरी टेपरी टांकिया पुलिस थाना रोहिडा जिला सिरोही के रूप में हुई। जिसकी दस्तयाबी हेतु हर संम्भावित स्थानों पर दबीश दी जाकर दिनांक 26 नवम्बर 2025 को भीमाणा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। दादीयाराम से गहनता से पुछताछ जारी है। मुल्जिम दादीयाराम ने दो मोटरसाईकिल चोरी करने की वारदाते करना कबूल किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दादीयाराम गमेती भील 20० साल निवासी मुरी टेपरी टांकिया है।

# अवैध वसूली के लिए धमकाने का एक और आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट की कुड़ी भगतासनी पुलिस ने भूखंड पर कब्जा और अवैध वसूली के लिए धमकाने के प्रकरण में एक और आरोपी को पकड़ा है। इसमें पहले दो आरोपियों हिस्ट्रीशीटर सहित एक अन्य को पकड़ा जा चुका है।

थानाधिकारी हमीर सिंह ने बताया कि रातानाडा स्थित हाईकोर्ट कॉलोनी निवासी रमेश चंद्र खंडेलवाल ने गत 25 अगस्त को रिपोर्ट में बताया कि उसका भूखंड बासनी चौहाना गांव में आया है। जिसको उसने वर्ष 2005 में राजेंद्र भंडारी से रजिस्ट्री करवाई थी। 22 जुलाई 25 को वह अपनी मिठाई की दुकान पर बैठा था तब राकेश मिर्धा, दिनेश भादू, सूरज भाटी आदि और प्लॉट को लेकर धमकाने लगे। प्लॉट पर नहीं जाने की हिदायत दी। रमेश खंडेलवाल 17 अगस्त को प्लॉट पर बाउंड्री वाल कराने गया तो पता आरोपी आए और फिर धमकाया और प्लॉट के बदले 20 लाख की डिमाण्ड की।

थानाधिकारी हमीर सिंह ने बताया कि प्लॉट पर कब्जा करने और अवैध वसूली के लिए धमकाने के इस प्रकरण में पहले हिस्ट्रीशीटर और एक आरोपी को पकड़ा गया था। आज एक वांछित आरोपी घोड़ों का चौक स्थित दूधेश्वर महादेव मंदिर हाल कुड़ी सेक्टर 8 निवासी वीरेंद्र निकूब पुत्र सत्य नारायण निकूब को पकड़ा गया है।

# वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम

**जालोर,** (कासं)। वित्तीय समावेशन और विकास विभाग भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर के तत्वावधान में गुरूवार को ग्रेनाइट एसोसिएशन के सभा भवन में फील्ड स्तरीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया।

वित्तीय साक्षरता, जन सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन, बैंकिंग लोकपाल व साइबर फ्रोड से बचने के उपायों की जानकारी दी। बच्चों के साथ प्रश्नोत्तरी हुई तथा उन्हें पारितोषिक भी प्रदान किए गए। रिजर्व बैंक, जयपुर के सहायक महाप्रबंधक जे के नायर व मनीष, मण्डल प्रबंधक विंध्याचल सिंह, भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, जालोर के सहायक महाप्रबंधक रमेश राम टांक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के अनन्त आर्य, राजस्थान ग्रामीण बैंक जालोर के क्षेत्रीय प्रबंधक के प्रतिनिधि मनीष कुमार, जिला अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक रमेश कुमार, सहायक अग्रणी बैंक कार्यालय अर्जुन परिहार एवं साईबर क्राइम की रोकथाम के एक्सपर्ट टीम के मोहनलाल, चंपालाल, सुरेश चौधरी, चंद्राराम कुमावत, अशोक सिंह, मुमताज पठान, रमजान खान, नेमाराम, भंवर लाल, अजय कुमार उपस्थित रहे।

# हाथला में जलग्रहण महोत्सव आयोजित

**बाड़मेर,**(नि.सं.)। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग की ओर से देश भर में आयोजित किए जा रहे वाटरशेड महोत्सव के तहत फागलिया ब्लॉक की ग्राम पंचायत हाथला में जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, बाड़मेर की ओर से महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, ठाकुर रतनसिंह बाखासर तथा सरपंच भुरीदेवी, एबीडीओ प्रभुलाल परिहार, कनिष्ठ अभियंता प्रताप देवासी, पटवारी छगनलाल, अम्बादान, वार्डपंच करणीदान, सरपंच प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक आदूराम मेघवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद ग्रामीणों एवं विभागीय अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

विधायक मेघवाल ने अपने उद्बोधन में विभाग की ओर से कराए जा रहे जल संरक्षण कार्यों की सराहना करते हुए ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक होने और इसमें सक्रिय भागीदारी निभाने का आहवान किया। उन्होंने जल, जंगल एवं वनस्पति के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

## राज्यपाल का दौरा

**पाली,** (नि.सं.)। राजस्थान राज्यपाल हरिभाउ किशनराव बागड़े 30 नवम्बर को एक दिवसीय पाली दौरे पर रहेंगे।

राज्यपाल रविवार को प्रात 9 बजे सड़क मार्ग से पाली सर्किट हाउस के लिए प्रस्थान करेंगे। वे अपराहं 12.15 बजे पाली पहुंचेंगे तथा दोपहर 2 बजे भंसाली गर्ल्स कॉलेज में आयोजित विवाह समारोह में सम्मिलित होंगे एवं दोपहर 3 बजे पाली हैलीपेड़ से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

**आम सूचना**

- :शपथ पत्र :-

(फर्म में भागीदार को हटाने के लिये.)

मैसर्स - राधे कृष्णा ग्रेनाइट एंड एक्सपोर्ट्स, पता खसरा नंबर 6827/3227,6851/6828 प्लॉट नंबर 6, गांव - मादलपुरा, जालोर , राजस्थान 343001 रजिस्ट्रेशन नं. RF/JLR/2021/2907, दिनांक 19.08.2021 व्यवसायिक कार्यालय पता - खसरा नंबर 6827 /3227/, 6851/ 6828,प्लॉट नंबर 6, गांव मादलपुरा, जालोर राजस्थान, 343001 के भागीदार शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन करते है कि :- 1. फर्म के भागीदार महेंद्र कुमार S/O श्री चंद्रा राम, पता लालास, नागौर, राजस्थान - 341509 को दिनांक 24.112025 को स्वैच्छा से हटाया जाता है ।

स्थान - जालौर
दिनांक -24.11.2025 हस्ताक्षर शपथकर्ता
मोजुदा पार्टनर महेंद्र कुमार
1. बनवारी लाल (रिटायर पार्टनर)

**OFFICE OF THE SENIOR MEDICAL OFFICER INCHARGE, COMMUNITY HEALTH CENTER,SAYLA (JALORE)**

S.NO/ACCT/Open Tender/2025/569-573 Date-21.11.2025

**-: Notice Inviting Bid:-**

Bids for Procurement of Various Electric work, New Wiring Work, New Electric Items and Electric Repairing Work under the institute under this office are invited from interested bidders authorized by Govt. of Rajasthan for Electric Work. Other particulars of the bids may visit on procurement portal of the state sppp.rajasthan.gov.in and in the office during working hours.

**UBN : MHS2526A3535**

( Dr. Raghunandan Bishnoi )
SMO-I/C, COMMUNITY HEALTH CENTER, SAYLA

**OFFICE OF THE SENIOR MEDICAL OFFICER INCHARGE, COMMUNITY HEALTH CENTER,SAYLA (JALORE)**

S.NO/ACCT/Open Tender/2025/578-582 Date-21.11.2025

**-: Notice Inviting Bid:-**

Bids for Procurement of Various Water pipe fitting sanitary and supply, New water tank, New Toilet Sanitary & repair, Water Drainage, New sewerage line and Gutter Repairing Work under the institute under this office are invited from interested bidders authorized by Govt. of Rajasthan for the same Work. Other particulars of the bids may visit on procurement portal of the state sppp.rajasthan.gov.in and in the office during working hours.

**UBN : MHS2526A3536**

( Dr. Raghunandan Bishnoi )
SMO-I/C, COMMUNITY HEALTH CENTER, SAYLA

